राज्य स्तरीय मानवाधिकार वाद–विवाद प्रतियोगिता –2019 आयोजित

राजस्थान पुलिस अकादमी मे राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सौजन्य से दिनांक 27.12.2019 को राज्य स्तरीय मानवाधिकार वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय **''देश की अखण्डता में तैनात सुरक्षाकर्मियों को मानवाधिकार की पालना में बांधना उचित नहीं''** था। इस प्रतियोगिता में समस्त रेन्ज स्तर के विजेताओं एवं उप विजेताओं ने भाग लिया। निर्णायक मण्डल के सदस्यों में सेवा निवृत्त पुलिस महानिदेशक श्री एम.के. देवराजन, राज. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त सचिव श्री नीरज भारद्वाज, एसोसिएट प्रोफेसर, राजकीय कन्या महाविद्यालय, डॉ. चीना पुरी सम्मिलित थे। अकादमी निदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी ने निर्णायक मण्डल का ग्रीन वेलकम कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। प्रथम विजेता श्री कुलदीप रतनु, कनिष्ठ सहायक, बीकानेर, द्वितीय विजेता श्री अजीज सिकन्दर कानि. 1692, श्रीगंगानगर, तृतीय विजेता श्री रमेश चन्द्र ए.एस.आई., डूंगरपुर, सांत्वना पुरस्कार मोहम्मद इमरान उ.नि. रहे जिनको प्रशस्ति–पत्र व ट्रॉफी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के समापन पर निर्णायक मण्डल के सदस्यों ने मानवाधिकार विषय पर प्रतिभागियों व श्रोतागणों के समक्ष अपने–अपने अनुभव साझा किये। श्री रेवन्त दान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा ज्यूरी सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया गया।